>

Title: Need to re-schedule the operation of flights between Delhi and Surat and introduce flights connecting Surat with other parts of the country.

श्रीमती दर्शना जरदोश (सूरत): महोदय, सूरत एयरपोर्ट विकसित होने की राह देख रहा है। आज भी वहां से देश के अन्य भागों से जोड़ती फ्लाइटों के समयपत्रक की राह सूरतवासी देख रहे हैं। आज भी वहां से दिल्ली को जोड़ती फ्लाईट का समय बदलने की मांग की जा रही है क्योंकि वह फ्लाईट यात्रियों को समय के हिसाब से अनुकूल नहीं है। लेकिन उस पर कोई प्रगति नहीं हुई है। सूरत से अगर देश के अन्य भागों को जोड़ा जाये तो ज्यादा लोगों को सुविधा मिलेगी क्योंकि देश के सभी क्षेत्रों के लोग आज सूरत में स्थायी रूप से बसे हुये हैं। मैं माननीय नागरिक उड्डयन मंत्री जी से अनुरोध करती हूँ कि सूरत को दिल्ली से जोड़ने वाली हवाई सेवा का परिचालन लोगों की सुविधा के अनुकूल किया जाए एवं सूरत को देश के अन्य भागों से हवाई सेवा से जोड़ने की दिशा में आवश्यक कदम उठाए जाएं।